# विकास भारती बिशुनपुर
## Newsletter

Vol-03, No-04 | April, 2025


## कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला

विकास भारती बिशुनपुर द्वारा गुमलाजिला अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र की शुरूआत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) के सह भागीदारी के साथ की गयी तथा ग्रामीण समुदाय एवंकिसानों को नयी तकनीक के उपयोग से कृषि उत्पादकता को बढ़ाने एवं स्वावलम्बी बनाने का कार्य अथक रूप से कर रही है। परियोजना अंतर्गत दिनांक - 10 अप्रैल, 2025 को कृषि विज्ञान केंद्र के बिशुनपुर स्थित केंद्र में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत स्थानीय किसानों को पोषण युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य सम्बंधित लाभों के विषय में अवगत कराया। पोषण युक्त खाद्य के उपज में आज के से में किस प्रकार से पोषण वाटिका अपना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है इस विषय मेभी सभी को विकास भारती के संयुक्त सचिव श्री महेंद्र भगत जी ने बताया। इस अवसर पर गुमला जिले के 12 प्रखंडों से 45 लैंपस ने भाग लिया। साथ ही दिनांक - 14 अप्रैल, 2025 से 24 अप्रैल, 2025 तक पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन गुमला, बिशुनपुर, रायडीह एवं घागरा प्रखंडों के 06 गावों में किया गया जिसमें कुल 195 प्रतिभागियों ने भाग लिया।




## वाड़ी परियोजना

विकास भारती बिशुनपुर द्वारा वाड़ी परियोजना का संचालन बिशुनपुर, कुचाई एवं दुमका क्लस्टर में किया जाना है जो की नाबार्ड द्वारा सम्पोषित है । जिसके अंतर्गत क्षेत्र के किसानों को चयनित कर उनके खेतों को गुणवत्ता युक्त बनाने का कार्य कर रही है। परियोजना का पहला चरण का कार्य बिशुनपुर क्लस्टर में चल रहा है। अप्रैल माह में बिशुनपुर प्रखंड के जेहनगुटवा, चिंगरी में पशुधन वितरण के लक्ष्य के अंतर्गत कुल 05 किसानों के मध्य बकरी का वितरण किया गया। साथ ही इस माह जेहनगुटवा में ही पशु चिकित्सा निमित्त 02 वेटनेरी कैंप लगाया गया।



# जन शिक्षण संस्थान

संस्थान का मुख्य उद्देश्य गैर साक्षर, नव साक्षर के साथ साथ विद्यालय छोड़ने वाले विद्यार्थियों के कौशल की पहचान कर उन्हें व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। जन शिक्षण संस्थान, दुमका द्वारा दिनांक- 14 अप्रैल, 2025 को ग्राम+ पंचायत - घासीपुर, प्रखंड- दुमका में डॉ भीमराव आंबेडकर जी की जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम अंतर्गत आंबेडकर जी के विचारों को सभी के बीच साझा किया गया। इस कार्यक्रम में कुल उपस्थिति 37 रही। साथ ही दिनांक- 14 अप्रैल, 2025 से 30 अप्रैल, 2025 तक पर्यावरण जागरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन दुमका प्रखंड अंतर्गत 12 स्थानों पर किया गया जिसमें कुल 445 लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम द्वारा ग्रम्मीणों को जल एवं जंगल को संरक्षित करने के प्रति जागरूक किया गया।




# गैर विभागीय प्रशिक्षण केंद्र (NDTC), बिशुनपुर

विकास भारती बिशुनपुर ने 29 दिसंबर , 2022 को बिशुनपुर में KVIC के सहयोग से गैर-विभागीय प्रशिक्षण केंद्र नामक एक अलग केंद्र की शुरुआत की जिसके अंतर्गत ग्रामीण स्थानीय लोगों विशेषकर युवाओं को बढ़ईगिरी , मधुमक्खी पालन , खाद्य प्रसंस्करण, वेल्डिंग , सिलाई आदि जैसे विभिन्न आयामों अंतर्गत स्थानीय स्तर पर कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे बाज़ार अनुरूप कौशल प्राप्त कर सकें। परियोजना अन्तर्गत इस माह में बांस शिल्प कला का 10 दिनों का प्रशिक्षण पूरा किया गया जिसके अंतर्गत कुल 04 बैच चलाये गए एवं 40 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया । साथ ही मधुमक्खी पालन का 11 दिनों का प्रशिक्षण पूरा किया गया जिसके अंतर्गत कुल 03 बैच चलाये गए एवं 72 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया ।



# जनजाति कौशल विकास परियोजना 1.0

विकास भारती बिशुनपुर द्वारा जनजाति कौशल विकास परियोजना 1.0 जो कि राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के द्वारा सम्पोषित है को झारखण्ड राज्य के चार जिले क्रमशः रांची, गुमला, सरायकेला एवं दुमका में बेड़ो, बिशुनपुर, कुचाई एवं दुमका क्लस्टर में जनजातीय समुदाय को कृषि, बहु कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास के क्षेत्र में प्रशिक्षण देकर उन्हें व्यावसायिक रूप से दक्ष बनाने का कार्य कर रही है। परियोजना की शुरुआत 02 मई, 2024 को हुई एवं इसकी अवधी एक वर्ष की है जिसके अंतर्गत कुल 1080 जनजातीय लोगों को 25 अलग-अलग बैच बनाकर उन्हें प्रशिक्षित किया जाना है, जिसमें से पूर्व के महीनों में 24 बैचों के प्रशिक्षण को पूरा कर लिया गया था और अप्रैल माह में अंतिम बैच जो की उद्यमिता विकास के क्षेत्र का है का प्रशिक्षण बेड़ो प्रखंड के जरिया पंचायत में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।




# स्किल इंडिया - कौशल रथ

स्किल इंडिया कौशल रथ परियोजना की शुरुआत सितम्बर, 2024 से विकास भारती बिशुनपुर द्वारा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से किया गया। इसका उद्देश्य रांची जिला अंतर्गत विद्यालय एवं महाविद्यालयों में जाकर वहां के छात्रों को गुणवत्ता आधारित उनके कौशल को बढ़ाना है। परियोजना अंतर्गत अप्रैल माह में कुल 436 विद्यार्थी जो की रांची जिले के विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालयों से हैं को प्रशिक्षित किया गया है।




# "परम्परा एवं प्रयोग" पुस्तक का लोकार्पण

दिनांक - 11 अप्रैल , 2025 को विकास भारती बिशुनपुर के संस्थापक सह सचिव श्रीमान अशोक भगत जी की नव प्रकाशित पुस्तक - "परंपरा और प्रयोग" का लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह माननीय दत्तात्रेय होसबाले जी के कर कमलों द्वारा संस्था के रांची स्थित आरोग्य भवन -01 के कार्यालय परिसर में किया गया। यह कार्यक्रम प्रभात प्रकाशन के सहयोग आयोजित था। उक्त पुस्तक में श्री अशोक भगत

जी द्वारा विगत वर्षों के अंतर्गत जनजातीय समाज के उत्थान एवं उनके संवर्धन के निमित्त विभिन्न प्रयासों को दर्शाने के साथ-साथ इनके द्वारा किये गए जल, जंगल एवं जमीन के संरक्षण हेतु अथक प्रयासों को भी बड़े ही खूबसूरती से दर्शाया गया है। साथ ही इस पुस्तक में अशोक भगत जी की आजमगढ़ से होते हुए झारखण्ड प्रान्त के बिशुनपुर तक की जीवन यात्रा को भी दर्शाया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि माननीय दत्तात्रेय होसबाले जी ने अपने अभिभाषण में कि अशोक जी ने जनजातीय समाज के उत्थान हेतु अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया एवं समाज में परिवर्तन लाने हेतु अपना देशांतर, रूपांतर एवं नव नामाकरण भी कर लिया, यह कोई साधारण बात नहीं है। उन्होंने आगे कहा की अशोक जी अपनी इस पुस्तक के माध्यम से वन व्यवस्था एवं क़ानून, सामाजिक परवर्तन की यात्रा एवं भविष्य के निमित्त सामाजिक उत्थान हेतु प्रयोगों पर जोर दिया है , इसलिए हम सभी को उनके जीवनी पर आधारित इस पुस्तक को अवश्य रूप से पढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में श्रीमान दत्ता त्रेय जी के अलावा श्रीमती डॉ आशा लकड़ा जी, सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, श्री पियूष जी , अध्यक्ष, प्रभात प्रकाशन, श्रीमान (डॉ) प्रदीप जोशी जी, अध्यक्ष, राष्ट्रीय परिक्षण एजेंसी (NTA) के साथ-साथ सैकड़ों अतिथिगण एवं कार्यकर्तागणों की उपस्थिति रही।




**Head Office, Vikas Bharti Bishunpur**

Block : Bishunpur, Dist.- Gumla -835331

**Administrative Office :Vikas Bharti Bishunpur**

19 Gramayatan, Arogya Bhawan-1,Bariatu Road, Ranchi-834009

Vikasbharti1983@gmail.com

www.vikasbharti.in